<u>महिलाओ हेतु पांच दिवसीय डेयरी फार्मिंग प्रशिक्षण</u>

नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय जबलपुर के तत्वाधान में राष्ट्रीय महिला आयोग (NCW) द्वारा प्रदत्त 10 प्रशिक्षण कार्यक्रम इस वित्त वर्ष में आयोजित किए जाने हैं इन प्रशिक्षण का उद्देश्य डेयरी पालन द्वारा ग्रामीण महिलाओं का सशक्तीकरण करना है ये प्रशिक्षण 5 दिवसीय होंगे तथा महिलाओं को डेयरी पालन का प्रशिक्षण निशुल्क दिया जाएगा जिसमें रुकने खाने पीने की व्यवस्था निशुल्क रहेगी माननीय कुलपति प्रो. (डॉ) सीता प्रसाद तिवारी जी ने कहा कि यह प्रशिक्षण एनसीडब्ल्यू नई दिल्ली सरकार द्वारा प्रदत की गई है तथा ये प्रशिक्षण पशु चिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय महू, जबलपुर एवं रीवा में समान रूप से कराये जाऐंगे। प्रत्येक प्रशिक्षण सत्र में 30 महिलाओं को जो कि डेयरी पालन क्षेत्र में कार्य कर रही हैं तथा उनकी उम्र 18 से 50 वर्ष तथा कम से कम योग्यता पांचवी पास हो, डेयरी फार्मिंग का प्रशिक्षण दिया जायेगा। अधिष्ठाता डॉ बी.पी. शुक्ला ने बताया कि पशुपालन के क्षेत्र में कार्यरत विभिन्न संस्थाएं जो कि महिलाओं के सशक्तिकरण के क्षेत्र में कार्य कर रही है जैसे गैर सरकारी संस्थान, किसान उत्पादक संगठन, स्वयं सहायता समूह तथा सहकारी संस्थाएं आदि इस प्रशिक्षण के लिए संपर्क कर सकते हैं

संम्पर्कः डॉ. दीपक गांगिल – मो.नं. 88786 66915